भा वा अ शि प - वन उत्पादकता संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

बाँस की खेती विषय पर तकनीकी प्रशिक्षण

वेबिनार के माध्यम से

14.07.2023

भावाअशिप - वन उत्पादकता संस्थान, राँची के निदेशक डॉ. योगेश्वर मिश्रा एवं मुख्य तकनीकी अधिकारी श्री रवि शंकर प्रसाद ने जिला ग्रामीण विकास अधिकरण, साहेबगंज एवं परती भूमि विकास समिति, राँची द्वारा दिनांक 14.07.2023 को संयुक्त रूप से मनरेगा के तहत बाँस की खेती विषय पर तकनीकी जानकारी हेतु आयोजित वेबिनार में भाग लिया जिसमे उप-विकास आयुक्त, साहेबगंज, साहेबगंज जिला के 9 प्रखंडों के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं जीवी दा हासा, झारखण्ड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी (**Jharkhand State Livelihood Promotion Society**) आदि के अधिकारियों सहित करीब 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. योगेश्वर मिश्रा ने ग्रामीण आजीविका के श्रोत के रूप में बाँस की व्यावसायिक खेती और झारखंड में इसकी संभावना तथा मुख्य तकनीकी अधिकारी श्री रवि शंकर प्रसाद ने बाँस की खेती के तकनीकी पहलू पर अपने-अपने विचार व्यक्त कियें। **DDC** साहिबगंज ने सभी हितग्राहियों को ससमय अपनी बांस पौधे की मांग को उल्लेख करने का अनुरोध किया जिससे **IFP** राँची को मुख्य वेंडर बनाते हुए उनसे पौधे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। तथा संस्थान को समय पर भुगतान **DRDA** अथवा मनरेगा द्वारा किया जाना सुनिश्चित किया।



******